**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 08 अगस्त, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल जाकर राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री श्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की।

राज्यपाल महोदय ने वहाँ उपस्थित चिकित्सकों एवं अस्पताल प्रबंधन से उनके उपचार की प्रगति और वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने श्री सोरेन के परिजनों से भी भेंट की तथा कहा कि हम सभी ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं।